# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 28 दिसम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरे दिन समापन हुआ। समापन सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव श्री के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव व प्रभारी श्री अजय माकन, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने सम्बोधित किया।

समापन सत्र में वर्चुअल माध्यम से शिविर से जुड़कर कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने शिविर में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं कांग्रेस नेताओं को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। श्री राहुल गाँधी ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ अपने अनेक अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू स्वाधीनता संग्राम के दौरान कितने वर्ष जेल में रहे इसकी सही जानकारी किसी को नहीं है किंतु पं. नेहरू द्वारा अधिकांश समय नैनी जेल में बिताया गया जहाँ ऐसा उल्लेख मिलता है कि पं. नेहरू ने 12 से 15 वर्ष तक जेल काटी। श्री गाँधी ने कहा कि नैनी जेल में पं. नेहरू जिस स्थान पर कैद रहे उसको देखने जाने पर उन्हें पं. नेहरू के दर्शन के संबंध में अनेक जानकारियाँ प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि नैनी जेल की विजिटर बुक में जेल से रिहा होते समय पं. नेहरू ने लिखा था कि जिन जेलरों ने उन्हें कैद किया उनका बहुत-बहुत धन्यवाद क्योंकि कैद के दौरान उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। श्री गाँधी ने कहा कि पं. नेहरू के इस वक्तव्य में कहीं भी नफरत एवं बदले की भावना नहीं थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पं. नेहरू को 12 से 15 वर्ष तक जेलों में कैद रखा, पं. नेहरू के मन में उनके प्रति ना तो नफरत और ना ही बदले की भावना उत्पन्न हुई, जबकि सावरकर ने अपनी पुस्तक में उल्लेख किया है कि सावरकर को सर्वाधिक खुशी उस वक्त हुई जब उनके पाँच साथियों ने मिलकर एक मुसलमान युवक की लाठियों से पिटाई की। उन्होंने कहा कि यह एकतरफा लड़ाई थी क्योंकि पाँच लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि एक विचारधारा हिन्दू है जिसमें डर और नफरत को दिल से निकाल देने के लिए कहा गया है यही पं. नेहरू ने अनेक वर्षों तक जेल में रहने के पश्चात् रिहाई होने पर धन्यवाद देकर कहा उनके दिल में नफरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर व्यक्ति डर का सामना नहीं कर सकता अकेले अपनी लड़ाई नहीं लड़ सकता, लोगों के साथ मिलकर हमले करते हैं क्योंकि वे

2..........

Created by Universal Document Converter

कायर थे। महात्मा गाँधी व पं. नेहरू को कोई कायर नहीं कह सकता क्योंकि उनके दिल में ना तो डर था और ना ही कोई नफरत। उन्होंने कहा कि नफरत डरपोक लोगों के दिल में बसती है, कायर लोग जो दुश्मन के सामने खड़े नहीं हो सकते उनके दिल में नफरत बसती है, यही आरएसएस की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि जो लोग समस्या का सामना खड़े होकर करते हैं वो हिन्दू है और जो समस्या के सामने डर से सिर झुका देते हैं उनकी विचारधारा हिन्दुत्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तानाशाही निर्णयों का सामना डटकर राहुल गाँधी ने किया है, यह विचारधारा हिन्दू है। उन्होंने कहा कि हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सहित सभी धर्म सत्य को प्राप्त करने के मार्ग है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए धर्म सच्चाई प्राप्त करने का रास्ता है किन्तु हिन्दुत्व का धर्म अपने धर्म को सत्ता प्राप्ति का साधन बनाना मात्र है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने नरेन्द्र मोदी के गलत निर्णयों के सामने सिर झुका दिया वो हिन्दुत्व है। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व की विचारधारा मानने वाले किसी के भी सामने सिर झुका देते है, इन लोगों ने अंग्रेजों के समक्ष सिर झुकाया तथा पैसों के आगे झुक जाते है क्योंकि इनके दिलों में सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस शासन में पड़ोसी देश चीन ने देश की हजार किलोमीटर जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया, यदि कांग्रेस शासन में ऐसा होता तो हमारे प्रधानमंत्री बिना डर के सच्चाई स्वीकार करते हुए अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में असफल रहने पर इस्तीफा सौंप देते जबकि आर.एस.एस. के लोग मोदी शासन में चीन द्वारा भारत की सीमाओं को उल्लंघन की बात को छुपाने में लगे है। उन्होंने कहा कि आर.एस.एस. के लोग अपने दिल में बसी हुई नफरत एवं डर को पूरे देश में फैला रहे है जिस कारण देश को चौतरफा नुकसान हो रहा है तथ इसी का मुकाबला कांग्रेस को करना है। उन्होंने कहा कि हम अपने संघर्ष में एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे यही हमारी लक्ष्मण रेखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की लक्ष्मण रेखा सत्ता है तथा सत्ता के लिए वो अपनी विचारधारा की लक्ष्मण रेखा को हमेशा बदलते रहे है जबकि कांग्रेस की लक्ष्मण रेखा सत्य है तथा जहाँ सत्य है वहीं हम कांग्रेसी खड़े है। उन्होंने कहा कि एक बार कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने पूछा कि क्या कोई ऐसा व्यक्ति मौजूद है जो घर छोड़कर भागा हो, किसी ने हां में जवाब नहीं दिया किंतु यही सवाल आर.एस.एस. की सभा में पूछा जाए तो प्रत्येक व्यक्ति का उत्तर हाँ में होगा। उन्होंने कहा कि भागता वही है जो जिम्मेदारी नहीं निभा सकता तथा जिसके दिल में प्रेम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लोग घर के बाहर भी नफरत फैलाते है। उन्होंने कहा कि जिनके दिल में सिर्फ नफरत है उनसे देशभक्ति व देश प्रेम की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने कहा कि आज देश के जो हालात है उनमें समाज में नफरत फैलाई जा रही है और सच्चाई को दबाया जा रहा है। उदाहरण के लिए नोटबंदी, तीन काले कृषि कानून, जीएसटी तथा कोरोना के कुप्रबन्धन के कारण बड़ी

3...........

Created by Universal Document Converter

संख्या में लोगों का जान गँवाना किंतु इसके लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा सच को छुपाने का कार्य किया जा हा है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोगों की जिम्मेदारी है कि देश के सामने इन सभी मुद्दों पर मोदी सरकार का सच उजागर करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी एवं पं. जवाहर लाल नेहरू के पीछे कार्यकर्ताओं की ताकत थी जिस कारण उन्होंने देश के लिए महान कार्य किए। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत कार्यकर्ता ही होते है तथा कार्यकर्ताओं को योग्यता अनुसार आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सभी स्तर पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने चाहिए तथा इन शिविरों के माध्यम से प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता को सही एवं वास्तविक तथ्यों से अवगत करवाया जाना आवश्यक है ताकि कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती के साथ केन्द्र सरकार की तानाशाहीपूर्ण नीतियों का सामना कर सके।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वालों के मध्य टीम के रूप में कार्य करने की भावना जाग्रत होती है। सभी प्रशिक्षणार्थी शिविर में प्राप्त किए अनुभव के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रों में कांग्रेस विचारधारा को मजबूत करने के लिए कार्यरत है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी, एआईसीसी के संगठन महासचिव श्री के. सी. वेणुगोपाल, प्रभारी महासचिव श्री अजय माकन तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में उपस्थिति प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन है किन्तु कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए यह एक नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि शिविर के समापन के पश्चात् एक बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि समाज में जिस जहर को फैलाया जा रहा है उसे हमेशा के लिए समाज से मिटाना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी माह जनवरी में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को जिलेवार दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी संभवतया जनवरी में ही एआईसीसी, पीसीसी डेलीगेट्स का एक अधिवेशन आयोजित करने पर विचार कर रही है जिससे आगामी बजट में योजनाएं बनाने हेतु सरकार को प्रस्ताव दिए जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए संगठन सर्वोपरि है तथा सत्ता जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने कांग्रेस की सत्ता होने के बावजूद सरकार में कोई पद ग्रहण नहीं किया है बल्कि संगठन का कार्य किया यही कांग्रेस कार्यकर्ताओं की

4............

Created by Universal Document Converter

प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि देश के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती झूठ से मुकाबला करने की है तथा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता देश में झूठ और नफरत फैलाने वाली मोदी सरकार का सच्चाई एवं सद्भाव से सामना कर केन्द्र से मोदी सरकार की विदाई सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने समापन सत्र में दिए अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि कांग्रेस स्थापना दिवस पर हमारे नेता श्री राहुल गाँधी प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे है। श्री गहलोत ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त अनुभव जिन्दगी भर याद रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में बिताए तीन दिवस में जो आपसी संबंध बने है वो जीवनभर कायम रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में आज जो माहौल है वो बदलेगा क्योंकि समय का पहिया चलता रहता है। उन्होंने कहा कि देश में आज अविश्वास का माहौल है, लोकतंत्र खतरे में है, संविधान की भावना के विरूद्ध कार्य हो रहे है, सोशल मीडिया पर एक पत्रकार की भावनाएं सुनकर देशभर के लोगों के विचारों की अनुभूति हुई तथा समाज में फैले आक्रोश से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि फासीवादी ताकतें देश में खराब माहौल बना रहे है तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व इन फासीवादी ताकतों से देश को बचाने का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर देश की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज देश में मीडिया, संवैधानिक संस्थाएं दबाव में काम कर रहे है। ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग विरोध करने वालों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में छापे तो बहुत पड़ते है किन्तु मिलता कुछ नहीं है जिससे स्पष्ट है कि इन संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग कर लोगों की आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान की शपथ लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री बनते है किन्तु आश्चर्य की बात है कि कोई प्रधानमंत्री संविधान की भावनाओं के विरूद्ध कैसे कार्य कर पाता है। उन्होंने कहा कि यदि देश गाँधी, नेहरू, पटेल, गोखले, तिलक के विचारों को भूल जाएगा तो देश की एकता एवं अखण्डता कायम रखना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इन महान नायकों के इतिहास से अनभिज्ञ रखने हेतु पाठ्यक्रम में बदलाव करने का कार्य भाजपा सरकार करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने हिन्दू तथा हिन्दुत्व पर जो बहस प्रारम्भ की है उसमें प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग ले तथा देश में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों का असली चेहरा उजागर किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़कों के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, आजादी के समय प्रति व्यक्ति औसत आयु मात्र 32 वर्ष थी जो बढ़कर आज 65 वर्ष हो

5...........

Created by Universal Document Converter

गई है उसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के लोग कांग्रेस सरकारों के योगदान पर प्रश्न उठाते है। श्री गहलोत ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन पर बधाई दी तथा सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक ले जाने का आह्वान किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन सवेरे प्रभात फेरी निकालकर शिविर प्रारम्भ हुआ। शिविर में आयोजित प्रथम सत्र में कांग्रेस दर्शन, राजनीति तथा राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल स्वतंत्रता सैनानियों पर श्री परेश व्यास ने अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया के उपयोग पर महत्वपूर्ण जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री रोहन गुप्ता ने प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री पवन खेड़ा ने केन्द्र सरकार की विफलताओं से प्रशिक्षणार्थियों का अवगत करवाया। चतुर्थ सत्र उपसंहार में श्री मृणाल पंत ने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 137वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस मुख्यालय पर ध्वजारोहण कर प्रदेशभर में मनाए जाने वाले समारोहों की शुरूआत की। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक स्तर पर स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक संगोष्ठियाँ आयोजित कर मनाया गया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 28 दिसम्बर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हीरालाल शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, सांसद श्री नीरज डांगी, राज्य सरकार के मंत्री डॉ. महेश जोशी, श्री रामलाल जाट, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा, महासचिव श्री प्रशांत बैरवा, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री पुखराज पाराशर, श्री मुमताज मसीह, श्री महेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत, श्रीमती संगीता बेनीवाल, महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, श्री रणदीप धनखड़, श्री गिरिराज गर्ग, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री बालकृष्ण खींची, श्री अय्यूब खान, श्री राजेश चौधरी, श्री आर. आर. तिवाड़ी, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री पूसाराम गोदारा, श्री मोहम्मद इकबाल, श्री मनोज मुद्गल, श्री विमल यादव, श्री अखिलेश अत्री, श्री राजेश पाण्डे, श्री कमल माहेश्वरी, श्री राजू खान, श्री मुख्तयार अहमद, श्री सी. एल. यादव सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री हीरालाल शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter